ऑन्कोलॉजी कॉन्क्लेव 2025

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने** हरियाणा के **झज्जर स्थित** [AIIMS के राष्ट्रीय कैंसर संस्थान (NCI)] में **दूसरे AIIMS ऑन्कोलॉजी कॉन्क्लेव 2025 का** उद्घाटन किया।

मुख्य बिंदु

- **झज्जर संस्थान:**
  - झज्जर संस्थान **भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक वित्त पोषित स्वास्थ्य परियोजनाओं में से एक है।**
  - इसका **ध्यान कैंसर देखभाल को उन्नत** बनाने तथा अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने पर केंद्रित है।
- **ओन्कोलॉजी कॉन्क्लेव:**
  - दो दिवसीय सम्मेलन में भारत भर के राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थानों (INI) के शीर्ष ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ एकत्रित हुए।
  - चर्चा कैंसर देखभाल में प्रगति, **उपचार पद्धतियों और चल रहे अनुसंधान पहलों पर केंद्रित थी।**
  - इस कार्यक्रम में **स्तन कैंसर** के साथ-साथ **सिर और गरदन के कैंसर** की **रोकथाम और प्रबंधन** में सहयोगात्मक प्रयासों पर प्रकाश डाला गया।
- **संस्थान में नवाचार और अनुसंधान:**
  - **यह केंद्र** स्टार्ट-अप्स **के साथ सहयोग करता है, Ph.D. शोधार्थियों को शामिल करता है तथा वैज्ञानिकों को अनुसंधान में शामिल करता है।**
  - इस **अनुसंधान का उद्देश्य वास्तविक दुनिया में ऐसे अनुप्रयोगों का निर्माण करना है** जो बाज़ार और समाज दोनों के लिये लाभकारी हों।

कैंसर

- यह एक जटिल और व्यापक शब्द है जिसका उपयोग शरीर में **असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार से जुड़ी बीमारियों के समूह का वर्णन करने के लिये किया जाता है।**
  - ये **असामान्य कोशिकाएँ, जिन्हें कैंसर कोशिकाएँ कहा जाता है, स्वस्थ ऊतकों और अंगों पर** आक्रमण करने और उन्हें नष्ट करने की क्षमता रखती हैं।
- एक स्वस्थ शरीर में कोशिकाएँ नियमित रूप से बढ़ती, विभाजित और मरती हैं, जिससे ऊतकों और अंगों का सामान्य कामकाज होता रहता है।
  - हालाँकि कैंसर के मामले में, **कुछ आनुवंशिक उत्परिवर्तन या असामान्यताएँ इस सामान्य कोशिका चक्र को बाधित करती हैं,** जिससे कोशिकाएँ अनियंत्रित रूप से विभाजित और बढ़ती हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/oncology-conclave-2025